राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

हिंदी पखवाड़ा-2022-रिपोर्ट

हिन्दी अपने देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत है - माखनलाल चतुर्वेदी

विषयवस्तु

हिंदी पखवाड़ा 2022.....3
कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का संक्षिप्त विवरण.....4
उद्घाटन समारोह.....5
माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का संदेश.....6
माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का लिखित संदेश.....7
माननीय केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल जी का संदेश.....9
माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना जरदोश जी का संदेश.....10
माननीय वस्त्र मंत्रालय सचिव श्री यू. पी. सिंह जी का संदेश.....11
माननीय मंत्रिमंडल सचिव श्री राजीव गौबा जी का संदेश.....12
माननीय महानिदेशक, निफ्ट श्री शांतमनु जी का संदेश.....13
राजभाषा प्रतिज्ञा.....14
राजभाषा प्रतिज्ञा की झलकियाँ:.....15
हिंदी निबंध प्रतियोगिता (केवल स्टाफ के लिए):.....16
हिंदी टंकण गति प्रतियोगिता (केवल स्टाफ के लिए).....18
हिंदी श्रुत लेखन प्रतियोगिता (केवल एम्. टी. एस के लिए).....20
हिंदी मीम्स डिजाईन प्रतियोगिता (केवल छात्रों के लिए).....22
हिंदी पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता (केवल छात्रों के लिए).....23
चित्र देखो कहानी लिखो प्रतियोगिता (केवल छात्रों के लिए).....24
हिंदी नाम अभिधा गतिविधि.....25
विजेताओं की सूची.....26
हिंदी पखवाड़ा के लिए प्रमाण पत्र.....27
विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायकगण.....28
बहु कार्यकारिणी टीम.....28
हिंदी पखवाड़ा 2022 का समापन.....29

हिंदी पखवाड़ा 2022

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन सभी सरकारी कार्यालयों को करना आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य कार्यालयों में संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए उत्साहवर्धक वातावरण बनाना तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहन देना है।

इसी सम्बन्ध में सरकारी निर्देशों, मुख्यालय की अपेक्षाओं एवं निफ्ट गाँधीनगर परिसर की परम्परा के अनुसार देवनागिरी की भावना का हमारी भाषा के रूप में उत्सव मनाते हुए इस वर्ष हिंदी दिवस एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मलेन का आयोजन 14/15 सितंबर को सूरत मे आरम्भ किया गया तत्पश्चात दिनांक 19-09-2022 से 30-09-2022 के दौरान हिंदी पखवाड़ा का भव्य आयोजन निफ्ट परिसर मे किया गया |

आकृति 1: हिंदी पखवाड़ा बैनर

कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का संक्षिप्त विवरण

इस हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत उद्घाटन और समापन समारोह सहित 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है:

क्रं संख्या	प्रतियोगिता/कार्यक्रम	दिनांक	दिवस	समय	समन्वयक
1	हिंदी पखवाड़ा का शुभारम्भ (दीप प्रज्वलन, संदेश पाठन, काव्य पाठन, अपने नाम का हिंदी में अर्थ लिखना)	19 सितम्बर 2022	सोमवार	सायंकाल 4 से 5 तक	हिंदी अनुभाग
2	हिंदी निबंध प्रतियोगिता (अधिकारी/ संकाय गण/ स्टाफ सदस्यों/ सभी कर्मचारियों के लिए)	20 सितम्बर 2022 से 24 सितम्बर 2022, पांच बजे तक	मंगलवार से – शुक्रवार	अंतिम समय 24 सितम्बर 5 बजे तक(ई-मेल पर भेजना होगा)	हिंदी अनुभाग
3	हिंदी मीम्स डिज़ाईन प्रतियोगिता (केवल छात्रों के लिए)	19 सितंबर 2022 से 24 सितंबर 2022	सोमवार से शुक्रवार	सायंकाल 4 से 5 तक(आँनलाइन माध्यम)	एस.डी.ए.सी.
4	हिंदी पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता (केवल छात्रों के लिए)	19 सितम्बर 2022 से 26 सितंबर 2022	सोमवार से सोमवार	सायंकाल 4 से 5 तक(आँन लाइन)	हिंदी अनुभाग
5	हिंदी टंकण गति प्रतियोगिता (अधिकारी/ संकाय गण/ स्टाफ सदस्यों/ सभी कर्मचारियों के लिए)	22 सितम्बर 2022	गुरुवार	सायंकाल 4 से 5:30 तक	हिंदी अनुभाग
6	चित्र देखो कहानी लिखो प्रतियोगिता (केवल छात्रों के लिए)	23 सितम्बर 2022	गुरुवार	सायंकाल 4 से 5:30 तक	हिंदी अनुभाग

उद्घाटन समारोह

कार्यक्रम के प्रारम्भ में नोडल हिंदी अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित निदेशक महोदय, सभी अधिकारी गण, संकायगण एवं साथी कर्मचारियों का हार्दिक स्वागत किया गया और सभी सदस्यों को भारत के जन मानस को स्पर्श करने वाली हृदय भाषा, हिंदी दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाये दी गयीं।

निदेशक महोदय द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर, हिंदी पखवाडा का शुभारम्भ किया गया एवं हिंदी नोडल अधिकारी एवं कनिष्ट अनुवाद अधिकारी द्वारा निफ्ट मुख्यालय से प्राप्त माननीय केंद्रीय गृह मंत्री, माननीय केंद्रीय वस्त्र मंत्री, माननीय केंद्रीय राज्य वस्त्र मंत्री माननीय सचिव वस्त्र-मंत्रालय- भारत सरकार, एवं माननीय महानिदेशक (निफ्ट) के हिंदी दिवस संदेशों को पढ़ा गया |

संदेशो को पढने के पश्चात निदेशक, निफ्ट गांधीनगर ने सभी उपस्थित सदस्यों को निफ्ट मुख्यालय से प्राप्त राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवाई।

इसके उपरांत निदेशक महोदय के निर्देशानुसार औपचारिक रूप से हिंदी पखवाड़े में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की घोषणा की गयी।

आकृति 2: हिंदी पखवाड़े के शुभारम्भ पर दीप प्रज्ज्वलन

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का संदेश

आकृति 3: माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का संदेश

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का लिखित संदेश



अमित शाह
गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

प्रिय देशवासियो !

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं ।

हमारा देश सांस्कृतिक और भाषाई दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। देश की भाषाई संपन्नता को ध्यान में रखते हुए संविधान निर्माताओं ने भारत के संविधान में भाषाओं के लिए अलग से आठवीं अनुसूची का प्रावधान किया जिसमें प्रारंभ में 14 भाषाएं रखी गयी थीं और अब इस अनुसूची में कुल 22 भाषाएं सम्मिलित हैं। भारत की सभी भाषाएं महत्वपूर्ण हैं और अपना समृद्ध इतिहास भी रखती हैं। विभिन्न भारतीय भाषाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए हिंदी ने जनमानस के मन में विशेष स्थान प्राप्त किया है। यही कारण है कि आज़ादी के आंदोलन में अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने हिंदी को संपर्क भाषा बनाकर आंदोलन को गति प्रदान की। 'स्वराज' प्राप्ति के हमारे स्वतंत्रता आंदोलन में स्वभाषा का आन्दोलन निहित था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी की महती भूमिका को देखते हुए संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 343 द्वारा संघ की राजभाषा हिंदी और देवनागरी लिपि को अपनाया। संविधान के अनुच्छेद 351 में हिंदी भाषा के विकास के लिए निदेश दिए गए हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रेरणादायक नेतृत्व में आज जब पूरा देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और प्रत्येक क्षेत्र में हम नई ऊर्जा के साथ नये संकल्प ले रहे हैं, ऐसे में यह सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि राजभाषा हिंदी को लेकर संविधान द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए।

किसी लोकतांत्रिक देश में सरकारी कामकाज की भाषा तभी सार्थक भूमिका अदा कर सकती है जब वह देश के जन सामान्य से जुड़ी हो और प्रयोग करने में आसान हो, ज्यादा से ज्यादा लोग उसे समझते हों और जनसामान्य में लोकप्रिय हो। हिंदी की इन्हीं विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए 14 सितंबर 1949 के दिन हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। इसके साथ ही राजभाषा हिंदी में आवश्यकता के अनुसार शब्दावली निर्माण, वर्तनी के मानकीकरण किए गए और सरकारी कार्यालयों में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन की नीति अपनाई गई। राजभाषा की इस विकास यात्रा में हमने कई लक्ष्य प्राप्त किए हैं लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष है। विगत तीन वर्षों से प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकारी काम–काज में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक करने के लिए गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग निरंतर प्रयासरत है जिससे विभिन्न मंत्रालयों / विभागों में हिंदी का काम–काज तेजी से बढ़ा है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि वर्तमान में गृह मंत्रालय में ज्यादातर कार्य हिंदी में किया जाता है तथा कई अन्य मंत्रालयों में माननीय मंत्री भी अपना अधिकांश कार्य राजभाषा हिंदी में करते हैं।

राजभाषा कार्यान्वयन की गति तीव्र करने और समय समय पर किए गए कार्यों की समीक्षा हेतु मई, 2019 में नई सरकार के गठन के पश्चात 57 मंत्रालयों में से 53 में हिंदी सलाहकार समितियों का गठन किया गया है तथा निरंतर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। देश भर में विभिन्न शहरों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने की दृष्टि से अब तक कुल 527 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया जा चुका है। विदेशों में लंदन, सिंगापुर, फिजी, दुबई और पोर्ट लुई में भी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है। राजभाषा कार्यान्वयन को और मजबूत करने की दिशा में संसदीय राजभाषा समिति अपनी सिफारिशों के दस खंड माननीय राष्ट्रपति जी को

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का लिखित संदेश



प्रस्तुत कर चुकी है तथा 11 वां खंड शीघ्र ही सौंपा जा रहा है।

राजभाषा विभाग द्वारा 13–14 नवंबर, 2021 को बनारस में पहला अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन तथा नई दिल्ली में केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों के लिए पहला तकनीकी सम्मेलन आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों से हिंदी प्रेमियों के उत्साह में अपार वृद्धि हुई है। यह और भी सुखद है कि हिंदी दिवस–2022 तथा द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का ऐतिहासिक आयोजन गुजरात के सूरत शहर में हो रहा है।

गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की दिशा में निरंतर प्रयत्नशील है। राजभाषा विभाग ने स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली 'कंठस्थ' का निर्माण और विकास किया है जिसमें आज लगभग 22 लाख वाक्य शामिल किए जा चुके हैं। इस टूल का प्रयोग सुनिश्चित कर सरकारी कार्यालयों में अनुवाद की गति एवं गुणवत्ता बढ़ाई गई है। राजभाषा विभाग द्वारा जन–साधारण के लिए **'लीला हिंदी प्रवाह'** मोबाइल ऐप तैयार किया गया है जिसे अपनाकर 14 विभिन्न भाषा–भाषी अपनी–अपनी मातृभाषाओं से निःशुल्क हिंदी सीख सकते हैं। राजभाषा विभाग के 'ई–महाशब्दकोश' में 90 हज़ार शब्द सम्मिलित किए गए हैं और 'ई–सरल' हिंदी वाक्यकोश में 9 हज़ार वाक्य शामिल हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश को नई शिक्षा नीति मिली जिसमें मातृभाषा में शिक्षा देने को प्राथमिकता दी जा रही है। राजभाषा विभाग ने अमृत महोत्सव के अवसर पर विधि, तकनीकी, स्वास्थ्य, पत्रकारिता तथा व्यवसाय आदि सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं के प्रचलित शब्दों को शामिल करते हुए हिंदी से हिंदी **'बृहत शब्दकोश'** के निर्माण पर भी काम शुरु किया है और सुलभ संदर्भ के लिए एक अच्छे शब्दकोश का सृजन किया जा रहा है। इस तरह की उन्नत शब्दावली प्रशिक्षण, अनुवाद तथा शीघ्रता से ग्रहण करने में भाषा की जानकारी की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी।

हजारों वर्षों से भारतीय सभ्यता की अविरल धारा हमारी भाषाओं, संस्कृति और लोकजीवन में सुरक्षित रही है। भारत में स्थानीय भाषाओं का योगदान हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए अतुलनीय रहा है। इन भाषाओं ने हिंदी को समृद्ध किया है। हिंदी उन समस्त भारतीय भाषाओं की मूल परंपरा से है जो इस देश की मिट्टी से उपजी हैं, यहीं पुष्पित पल्लवित हुई हैं और जिन्होंने अपनी शब्द–संपदा, भाव संपदा, रूप, शैली और अपने पदों से हिंदी को लगातार समृद्ध किया है। **राजभाषा हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि उसकी सखी है और हमारी सभी भाषाओं का विकास एक दूसरे के परस्पर सहयोग से ही संभव है।**

प्रिय देशवासियो ! हिंदी दिवस के इस अवसर पर मैं आप सभी का आह्वान करता हूँ कि आप और हम मिलकर यह संकल्प लें कि अपनी भाषाओं पर गर्व की अनुभूति करेंगे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश–विदेश के मंचों पर हिंदी में उद्बोधन देते हैं जिससे सभी हिंदी प्रेमियों में उत्साह का संचार होता है। आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रतिभाशाली नेतृत्व में आने वाले 25 वर्षों को देश में अमृतकाल के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसे में भाषाई समरसता को ध्यान में रखते हुए हिंदी तथा हमारी सभी भारतीय भाषाओं का विकास अत्यंत आवश्यक है।

आइये, आज संकल्प लें कि अपने दैनिक कार्यों में, कार्यालय के कामकाज में अधिक से अधिक काम हिंदी तथा स्थानीय भाषाओं में करके दूसरों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेंगे तथा संवैधानिक दायित्वों की पूर्ति करेंगे।

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को पुनः मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद!

नई दिल्ली

14 सितंबर, 2022

(अमित शाह)

आकृति 4: माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का लिखित संदेश

माननीय केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल जी का संदेश

पीयूष गोयल
PIYUSH GOYAL

वाणिज्य एवं उद्योग,
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक
वितरण तथा वस्त्र मंत्री, भारत सरकार
MINISTER OF COMMERCE & INDUSTRY,
CONSUMER AFFAIRS, FOOD & PUBLIC DISTRIBUTION AND
TEXTILES, GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संदेश

हिंदी हमारे देश के अधिकांश क्षेत्रों में बोली एवं समझी जाने वाली लोकप्रिय भाषा है। हिंदी ने हमारे देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान समस्त देशवासियों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा इसे सर्वसम्मति से 14 सितंबर, 1949 को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया था। यह हमारे देश की सभ्यता एवं संस्कृति की जीवंत परंपराओं और रीति-रिवाजों की भी परिचायक है।

वस्त्र क्षेत्र, एक बहुत व्यापक क्षेत्र है जिसमें पटसन, कपास, ऊन, रेशम, हथकरघा, हस्तशिल्प आदि शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों के विकास और सततता के लिए सरकार द्वारा बहुत सी योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में करके ही हम इन सभी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ देश के आम लोगों तक पहुंचा पाएंगे।

हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मैं वस्त्र मंत्रालय और इसके सभी नियंत्रणाधीन कार्यालयों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों से आग्रह करना चाहूंगा कि आप सभी अपना अधिक से अधिक सरकारी कार्य राजभाषा हिंदी में सम्पादित करें और राजभाषा हिंदी को उचित सम्मान दिलाने में अपना अमूल्य योगदान दें। आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

पीयूष गोयल

पीयूष गोयल

आकृति 5: माननीय केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल जी का संदेश

माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना जरदोश जी का संदेश



दर्शना जरदोश
RSHANA JARDOSH

रेल एवं वस्त्र राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
RAILWAYS AND TEXTILES
GOVERNMENT OF INDIA

14 सितंबर, 2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संदेश

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

किसी भी देश के विकास एवं सुख समृद्धि का आधार भाषा होती है। भाषा मनुष्य के भाव-संप्रेषण का उचित माध्यम होती है। देश में विविध भाषाओं एवं संस्कृतियों के बावजूद, सम्पूर्ण देश को जोड़ने का काम हिंदी बखूबी कर रही है। इसकी इसी खासियत को ध्यान में रखते हुए देश की आजादी के दौरान इसे समस्त देशवासियों को एकता के सूत्र में जोड़ने का माध्यम बनाया गया था। देश को आजादी मिलने के बाद, संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया था। तभी से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

भूमण्डलीकरण के इस दौर में हिंदी के कार्यक्षेत्र का विस्तार करने के लिए सरकारी कामकाज में सरल हिंदी का प्रयोग किया जाए ताकि हिंदीतर प्रांतों के लोग भी हिंदी में लिखे पत्र आदि को आसानी से समझ सकें। टेलिविजन, फिल्मों और विज्ञापनों आदि के कारण आज हिंदी तो पूरे देश में लोकप्रिय हो गई है मगर सरकारी काम-काज में अभी भी राजभाषा हिंदी अपना निर्धारित स्थान प्राप्त नहीं कर सकी है। भाषा सरकार और जनता के बीच संवाद का उचित माध्यम होती है। हम सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में करके ही सरकार की योजनाओं का लाभ देश के आम नागरिकों तक पहुंचा सकते हैं।

हम सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में करके ही अपने देश को आत्म निर्भर और दूसरे देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने योग्य बना सकते हैं। वस्त्र क्षेत्र देश के आम नागरिकों से जुड़ा हुआ है जिनमें से अधिकांश लोग हिंदी बोलने और समझने वाले हैं, इसलिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रचार, विज्ञापन, पत्राचार आदि हिंदी भाषा में करके ही इनका लाभ हम उन तक पहुंचा सकते हैं। अपना सरकारी काम राजभाषा हिंदी में करके हम न केवल सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार देश के अधिकतम नागरिकों तक करेंगे, बल्कि ऐसा करके हम इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को विदेशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में भी सक्षम बनाएंगे।

देश की आजादी के इस अमृत महोत्सव वर्ष में वस्त्र मंत्रालय एवं इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से मेरी अपेक्षा है कि आज हिंदी दिवस के इस अवसर पर हम यह निश्चय करें कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक करने का प्रयास करेंगे।

(दर्शना जरदोश)

आकृति 6 : माननीय रेल एवं राज्य वस्त्र मंत्री श्रीमती दर्शना जरदोश जी का संदेश

माननीय वस्त्र मंत्रालय सचिव श्री यू. पी. सिंह जी का संदेश

यू. पी. सिंह, भा.प्र.से.
सचिव
U. P. Singh, IAS
Secretary

सत्यमेव जयते

Azadi Ka Amrit Mahotsav

भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
उद्योग भवन, नई दिल्ली - 110 011
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF TEXTILES
UDYOG BHAWAN, NEW DELHI - 110 01

14 सितंबर, 2022

संदेश

भाषा किसी भी देश की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक विकास तथा भाव-संप्रेषण का प्रमुख आधार होती है। भाषा के बिना हम किसी देश के विकास एवं सुख-समृद्धि की कल्पना नहीं कर सकते। भाषा के आधार पर ही किसी देश के इतिहास को समझा, परखा और उसका अनुसरण किया जा सकता है। हमारे देश के बहुत से लेखकों, साहित्यकारों, कवियों ने अपनी भाव-अभिव्यक्ति का माध्यम हिंदी को बनाया था और आज भी वे हिंदी में अपने लेखन के कारण सम्पूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हैं। यह एक वैज्ञानिक भाषा है। इसे आसानी से बोला, लिखा और समझा जा सकता है। हिंदी की इसी महत्ता को ध्यान में रखते हुए देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इसे सम्पूर्ण देशवासियों को एकता के सूत्र में जोड़ने का माध्यम बनाया गया था और आजादी के बाद सर्वसम्मति से इसे संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया था और इसे संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान प्रदान किया गया था।

आज जब हम **'मेक इन इंडिया'** और **'आत्मनिर्भर भारत'** की बात करते हैं तो हम इस उद्देश्य को तभी पूरा कर सकते हैं जब हम अपना अधिकांश कार्य अपने देश की लोक प्रिय भाषा हिंदी में करें। चूंकि वस्त्र क्षेत्र काफी सीमा तक आम जन से जुड़ा है। यह क्षेत्र कोविड-19 महामारी के प्रकोप से काफी प्रभावित हुआ है। कोविड-19 के प्रभाव से वस्त्र क्षेत्र को तेजी से उबारने के लिए सरकार द्वारा बहुत सी योजनाएं चलायी जा रही हैं। इन सभी योजनाओं तथा सुविधाओं का लाभ हम राजभाषा हिंदी के माध्यम से ही देश के अधिकांश लोगों तक पहुंचा सकते हैं। अतः मंत्रालय तथा इसके अधीनस्थ कार्यालयों के विशेष रूप से, वरिष्ठ अधिकारियों को अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी में काम करना चाहिए। इससे सरकार की योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन भी होगा और उनके अधिकारी/कर्मचारी भी राजभाषा हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित होंगे।

14 सितंबर को **हिंदी दिवस** के अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा इस वर्ष **14-15 सितंबर को सूरत में हिंदी दिवस एवं द्वितीय राजभाषा सम्मेलन** का भी आयोजन किया जा रहा है। मंत्रालय तथा इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों के अधिकारी/कर्मचारी इस सम्मेलन में प्रतिभागिता सुनिश्चित करेंगे। इसके पश्चात अपने कार्यालयों में हिंदी सप्ताह/हिंदी पखवाड़ा/हिंदी माह आदि का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यालयों में राजभाषा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं आदि का भी आयोजन किया जाएगा। आप सभी से मेरी अपील है कि आप इन प्रतियोगिताओं तथा कार्यक्रमों में उत्साह-पूर्वक भाग लें और यह संकल्प लें कि आप अपना अधिकांश सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में करेंगे।

इस अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(यू.पी.सिंह)

आकृति 7 : माननीय वस्त्र मंत्रालय सचिव श्री यू. पी. सिंह जी का संदेश

माननीय मंत्रिमंडल सचिव श्री राजीव गौबा जी का संदेश

राजीव गौबा
Rajiv Gauba

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मंत्रिमंडल सचिव
भारत सरकार
CABINET SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

'विविधता में एकता' भारत की अनूठी विशेषता है। यह विशेषता हिंदी के साथ-साथ देश की भिन्न-भिन्न भाषाओं के संगम में भी परिलक्षित होती है। भाषायी विविधता के साथ-साथ हिंदी भारत जैसे विशाल देश में संपर्क भाषा का काम करती है क्योंकि अधिकांश देशवासी हिंदी बोलते और समझते हैं। हिंदी भाषा के इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए, 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया गया और तभी से प्रत्येक वर्ष यह दिन "हिंदी दिवस" के रूप में मनाया जाता है।

हिंदी भाषा का प्रयोग कार्य के विभिन्न क्षेत्रों और विशेषकर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र में उत्तरोत्तर बढ़ रहा है। आज भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी राजभाषा हिंदी के माध्यम से जनसाधारण तक पहुंच रही है। भारत सरकार के समस्त कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों और विशेषकर उच्च अधिकारियों से मेरी अपील है कि आप सभी राजभाषा हिंदी में कार्य करने का अनुकूल माहौल बनाने में सहयोग दें और अपना अधिक से अधिक सरकारी कामकाज स्वयं हिंदी में करने के साथ-साथ दूसरे साथियों को भी इसके लिए प्रेरित करें ताकि राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार हो। आशा है कि ऐसे प्रयासों से वैश्वीकरण के इस युग में हिंदी देश की सीमाओं से आगे विश्व स्तर पर भी अपनी प्रभावी पहचान निरंतर बनाए रखेगी।

देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे "अमृत महोत्सव" के अवसर पर आइए संकल्प लें कि वर्षभर हम अधिक से अधिक अपना मूल कार्य सरल और सुबोध हिंदी में करेंगे और अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करेंगे।

जय हिंद।

(राजीव गौबा)

आकृति 8: माननीय मंत्रिमंडल सचिव श्री राजीव गौबा जी का संदेश

माननीय महानिदेशक, निफ्ट श्री शांतमनु जी का संदेश



राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
सांविधिक संस्थान निफ्ट अधिनियम, 2006
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार
NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY
A Statutory Institute under the NIFT Act, 2006
Ministry of Textiles, Government of India

शांतमनु, भा.प्र.से.
महानिदेशक
Shantmanu, IAS
Director General

संदेश

मेरे प्रिय निफ्ट के साथियों !

जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि कोविड - 19 महामारी से अब हम लगभग पूरी तरह से बाहर आ चुके हैं और फिर एक बार नई ऊर्जा के साथ फिर से आसमान की ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

हम सभी अपने अधिकारों के प्रति तो सचेत रहते हैं, परंतु कभी कभी अपने दायित्वों का निर्वाहन करना भूल जाते हैं। इसी संबंध में, मैं आप सभी से यह कहना चाहता हूँ कि भारत के एक नागरिक होने के कारण यह हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि उत्तरदायित्व भी है कि हम सभी राजभाषा का उपयोग अधिक से अधिक करें। केंद्र सरकार के एक संगठन और केन्द्र सरकार के कर्मचारी होने के नाते यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम संघ की राजभाषा नीति का उपयोग अपने दैनिक कार्यालयीन कार्य में करें।

जैसा कि आप को विदित है कि संसदीय राजभाषा समिति समय समय पर राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के विभिन्न परिसरों का संसदीय राजभाषा से संबंधित निरीक्षण करती है। मेरे महानिदेशक पद संभालने के पश्चात अभी तक संसदीय राजभाषा समिति भुवनेश्वर, मुख्यालय, नई दिल्ली, चेन्नई, श्रीनगर एवं जोधपुर परिसरों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण कर चुकी है और इस वित्तीय वर्ष को समाप्त होने में अभी छह माह से भी अधिक का समय शेष है तो आगे भी आशा है कि अन्य परिसरों का भी राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया जाएगा। मैं ऐसा मानता हूँ कि राजभाषा से संबंधित प्रावधानों का लागू करना अत्यंत ही सरल है यदि इसे समरसता एवं रुचि लेकर किया जाए।

जैसा कि आप को विदित है कि निफ्ट मुख्यालय द्वारा सभी परिसरों के लिए कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी की भर्ती भी पूरी कर ली गई है एवं 13 कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों ने पदभार भी ग्रहण कर लिया है। शेष बचे हुए परिसरों में भी जल्दी ही कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी पदभार ग्रहण कर लेंगे।

मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि सभी परिसर अपने अपने कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों का सर्वोत्तम उपयोग संघ की राजभाषा नीति को लागू करने के लिए सर्वश्रेष्ठ तरीके से करेंगे। संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण की दृष्टि से मेरा सभी निदेशकों से आग्रह है कि वे यह सुनिश्चित करें कि संसदीय राजभाषा समिति की अपेक्षा के अनुरूप अपने अपने परिसर में सभी प्रावधानों को आवश्यक रूप से लागू करें ताकि माननीय समिति की अपेक्षाओं पर पूर्ण रूप से खरा उतरा जा सके। इस कार्य में मुख्यालय द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाता है।

गत वर्ष के हिन्दी पखवाड़े यथा 2021 के संदेश में हमने सभी परिसरों से आह्वान किया था कि सभी परिसर अपने-अपने राज्य की स्थानीय भाषा में फैशन से संबंधित आधारभूत जानकारी समेकित कर एक आम कारीगर/दस्तकार की सहायता के लिए एक पुस्तक तैयार करें। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप सभी ने इस दिशा में प्रयास अवश्य किए होंगे। मैं यह भी आशा करता हूं कि शीघ्र ही आप उक्त कार्य को पूरा करेंगे ताकि देश का आम कारीगर/दस्तकार भी फैशन जगत की मुख्यधारा से जुड़ सके।

मैं, महानिदेशक, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के रुप में संस्थान के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से इस विशेष अवसर पर आह्वान करता हूँ कि आप सभी अपने संवैधानिक दायित्वों को समझते हुए न केवल हिंदी पखवाड़ा के दौरान बल्कि संपूर्ण वर्ष अपना कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिंदी में पूरी निष्ठा के साथ करें।

एक बार फिर मैं आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ज्ञापित करता हूँ।

जय हिंद !

(शांतमनु)

आकृति 9: माननीय महानिदेशक, निफ्ट श्री शांतमनु जी का संदेश

राजभाषा प्रतिज्ञा

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
(सदैव ऊर्जावान ; निरंतर प्रयासरत)

राजभाषा प्रतिज्ञा

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 और 351 तथा राजभाषा संकल्प 1968 के आलोक में हम, केंद्र सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने उदाहरणमय नेतृत्व और निरंतर निगरानी से; अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों से; प्रशिक्षण और प्राइज़ से अपने साथियों में राजभाषा प्रेम की ज्योति जलाये रखेंगे, उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे; अपने अधीनस्थ के हितों का ध्यान रखते हुए; अपने प्रबंधन को और अधिक कुशल और प्रभावशाली बनाते हुए राजभाषा- हिंदी का प्रयोग, प्रचार और प्रसार बढ़ाएंगे| हम राजभाषा के संवर्द्धन के प्रति सदैव ऊर्जावान और निरंतर प्रयासरत रहेंगे|

जय राजभाषा ! जय हिंद !

--

आकृति 10: राजभाषा प्रतिज्ञा

राजभाषा प्रतिज्ञा की झलकियाँ:

माननीय निदेशक महोदय जी एवं परिसर के सभी सदस्यों द्वारा राजभाषा प्रतिज्ञा ली गयी।

हिंदी निबंध प्रतियोगिता (केवल स्टाफ के लिए):



शिल्प और कला का भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान

ऐतिहासिक संदर्भ

भारतीय कला और शिल्प, भारत कि विविधता, सांस्कृतिक परंपरा, ऐतिहासिक धरोहर एवम् सामाजिक मूल्यों का ना सिर्फ प्रतिबिम्ब है अपितु भारतीय कला और शिल्प उद्योग भारत के सबसे पुराने और सबसे बड़े उद्योगों में से एक है। इस बात के पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध हैं कि सिन्धु घाटी सभ्यता के समय से ही हस्तकलाएं और शिल्प भारतीय सामाजिक संरचना का अभिन्न अंग रही है। अलग अलग देशों में पुरातात्विक उत्खनन के अवशेषों से मिली कलाकृतियों, लकड़ी के बर्तन, धातुओं की मूर्तियों का मोहनजोदड़ो और हड़प्पा सभ्यताओं के अवशेषों में मिले शिल्पकृतियों के सामान होना इस बात का प्रमाण है कि प्राचीन काल से ही भारतीय शिल्प और कला की गौरवशाली परम्परा व्यापारिक स्रोत और सभ्यताओं की आर्थिक परिधि की धुरी रही है। आगे की अवधि में ऐतिहासिक घटनाओं का भारतीय शिल्प और कला पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा। बहु सांस्कृतिक संगम ने भारतीय शिल्प कलाओं को समृद्ध किया। भारत के अलग अलग भागों में खुदाई में विभिन्न कालखंडों में अविस्मरणीय शिल्प और कला के प्रमाण मिले।

समकालीन व्यापार

वर्तमान में भारतीय शिल्प और कला विश्वभर में अपने लालित्य, समृद्ध विविधता, आकर्षण, उपयोगिता और कार्यकुशलता के लिए प्रचलित है। एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया के एक पेपर के अनुसार, भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का, जिसमें कला और शिल्प, ऑडियो और वीडियो कला और डिजाइन शामिल हैं, **2019 में $ 121 बिलियन** की वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में योगदान रहा। इसमें, डिजाइन का योगदान 2019 में कुल रचनात्मक वस्तुओं के निर्यात का 87.5% था, और अन्य 9% कला और शिल्प खंड का योगदान रहा। वर्तमान में भारतीय कला और शिल्प की विशिष्टता और गुणवत्ता के लिए वैश्विक स्तर पर ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है। आज लोगों की पसंद की वजह से हस्तशिल्प व्यवसाय का आकार बढ़ रहा है। लोग आजकल अपने घरों में एंटीक हैंडक्राफ्टेड वस्तुओं को रखना पसंद करते हैं। कुछ लोग इस प्रकार की कलाकृतियों और एंटीक वस्तुओं को एकत्र करने में भी रुचि लेते हैं। मंदी से पूर्व भारतीय हस्तशिल्प उद्योग हर साल 20% की दर से लगातार बढ़ रहा था। वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी 1.2 फीसदी है। भारत के कुल निर्यात में हस्तशिल्प के निर्यात का योगदान 1.51% है।

-1-



कोड : ह न प 2205

हर घर तिरंगा अभियान :-

<u>प्रस्तावना</u> :- हम सब लोग जानते है कि 15 अगस्त 2022 को भारत के आजादी के 75 वर्ष संम्पुर्ण हो रहे है, इस बात को ध्यान में रखते हुए सरकार के द्वारा देश मे अम्रत महोत्सव का कार्यक्रम प्रत्येक राज्य में आयोजित कर रहे हैं। इसी कार्य के अंतर्गत भारत सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की है। जिसके द्वारा हम लोग देश के आजादी मे जिन्होंने अपना योगदान दिया उसे याद करेंगे और भारत के 75 वे स्वतंत्रता दिवस को काफी उत्साह के साथ हम लोग मनाएंगे। भारत की स्वतंत्रता की 75 वी वर्षगाठ को चिन्हित करने के लिए भारत सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ भारत ने लंम्बे इतिहास का जश्न मनाने का फैसला किया है। इस राष्ट्रीय त्यौहार को मनाने के लिए, भिन्न-भिन्न कार्यक्रमो की योजना बनाई गई है, और इस उत्सव को सरकार द्वारा "आजादी का अम्रत महोत्सव" नाम दिया गया है। इस उत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों मे से एक "हर घर तिरंगा" है। यह अभियान हर भारतीय से 15 अगस्त को अपने घरो मे राष्ट्रीय झंडा फहराने की अपेक्षा करता है। इस अभियान के द्वारा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक ध्वजारोहण का अनुरोध किया जाता है। किसी भी देश के लिए उस देश का झण्डा बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। देश का झण्डा उस देश की आन, बान और शान का प्रतीक होता है। इसी प्रकार हमारे देश भारत का तिरंगा झण्डा हम सभी के लिए बहुत मायने रखता है। तिरंगा हम देशवासियों को गर्व की अनुभूति कराता है जिसके स्वातंत्र्य संग्राम की अमर गाथा संसार के इतिहास में स्वर्णाक्षरो से लिखी गई है ऐसा महान भारत हमारा देश है। हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अम्रत महोत्सव के अंतर्गत लोगो को हर घर तिरंगा फहराने का संकेत देता है।

PTO

हिंदी निबंध प्रतियोगिता (केवल स्टाफ के लिए):



कोड: इनप2208

ओटीटी मंच और दर्शकों का अनुभव

1. प्रस्तावना:

